छत्तीसगढ़ शासन
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
राज्य कन्ट्रोल एन्ड कमांड सेंटर
(COVID-19)

# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति - 30 मई 2021

## छत्तीसगढ़ में आज 43 हजार 240 सैम्पलों की हुई जांच, प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर 3.8 प्रतिशत

- प्रदेश में पॉजिटिविटी दर लगातार घट रही है। आज 30 मई को प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 3.8 प्रतिशत है। आज प्रदेश भर में हुए 43 हजार 240 सैंपलों की जांच में से 1655 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

## प्रदेश के 24 जिलों में तम्बाकू नशा मुक्ति केंद्र का संचालन 1200 लोगों ने बीते साल छोड़ा तम्बाकू सेवन

- प्रदेश में तम्बाकू व्यसन से मुक्ति, इसके आदी लोगों की जाँच और इसका सेवन छुड़ाने परामर्श एवं उपचार के लिए प्रदेश के 24 जिलों में तम्बाकू नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की गई है। बीते वर्ष (1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2021 के बीच) 1200 लोगों ने तम्बाकू का सेवन छोड़ा है। पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान इन केंद्रों में 13 हजार 513 ओ.पी.डी. की गई। इन केंद्रों की मदद से 1200 लोगों ने तम्बाकू सेवन की लत से छुटकारा पाया है। लोगों को इस व्यसन से मुक्ति दिलाने के लिए प्रदेश के 6 दन्त-चिकित्सा महाविद्यालयों में भी तम्बाकू नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की गई हैं।
- पूरी दुनिया में 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष यह 'कमिट टू क्विट टोबैको (Commit to Quit Tobacco)' की थीम पर मनाया जा रहा है। यह दिन तम्बाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों एवं स्वास्थ्य जोखिम के बारे में लोगों को जागरूक करने का अवसर प्रदान करता है। सिर के बाल से लेकर पैर के नाखून तक ऐसा कोई अंग नही हैं जो तम्बाकू के दुष्प्रभावों से बचा हुआ हो। इससे न केवल कैंसर, हृदयरोग, स्ट्रोक, फेफड़ों से सम्बंधित बीमारी, क्रोनिक पल्मोनरी डिज़ीज जैसी गंभीर बीमारियाँ होती हैं, बल्कि वर्तमान में दुनिया भर में फैले कोविड-19 महामारी से गंभीर रूप से संक्रमित होने और इसके पीड़ितों को

मौत का खतरा भी अधिक है। तम्बाकू के धुएं में सात हजार प्रकार के रसायन होते हैं जो 250 तरह के केमिकल कैंसर का कारण बनते हैं। तम्बाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों से देश में हर साल 13 लाख लोगों की मौत होती है।

## कोरोना के लक्षण वाले लोगों को निःशुल्क दवा किट, अब तक 19.36 लाख लोगों को दी गई दवा

- छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण और रोकथाम के लिए 19 लाख 36 हजार 111 संदिग्ध मरीजों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाईयों की किट वितरित की गई है। विभाग द्वारा कोरोना संक्रमण के लक्षण वाले व्यक्तियों के त्वरित इलाज और उन्हें गंभीर स्थिति में पहुंचने से बचाने के लिए मितानिनों एवं सर्विलेंस टीमों द्वारा दवाईयों की किट निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। इस किट में आइवरमेक्टिन, डॉक्सीसाइक्लिन, पैरासिटामॉल, विटामिन-सी और जिंक की टैबलेट शामिल हैं। कोविड-19 के संदिग्ध मरीजों को दवा किट उपलब्ध कराने के अच्छे परिणाम आए हैं। इससे पूरे प्रदेश में संक्रमण की रफ्तार को रोकने में मदद मिली है।

- स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश में अब तक (29 मई तक) कोरोना के लक्षण वाले 8 लाख 35 हजार 355 लोगों को दवा किट उपलब्ध कराई गई है। जांच केंद्रों और अस्पतालों में कोरोना जांच के लिए पहुंच रहे इसके लक्षण वाले 7 लाख 69 हजार 199 लोगों को भी दवा किट मुहैया कराया गया है। मितानिनों और सर्विलेंस टीमों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों व कन्टेनमेंट जोनों में एक्टिव सर्विलेंस के दौरान मिले 3 लाख 31 हजार 557 व्यक्तियों को भी कोरोना के इलाज और बचाव के लिए दवाईयां दी गई हैं।

## आज दिनांक 30 मई 2021 तक राज्य में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के कुल 7,81,435 लाभार्थियों का टीकाकरण कर लिया गया है

- प्रदेश में 18 से 44 वर्ष आयु समूह का टीकाकरण किया जा रहा है। रात्रि 9 बजे तक इस आयु वर्ग में कुल 3350 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें से अंत्योदय के 241, बीपीएल के 1377, एपीएल के 1709, फ्रंटलाइन वर्कर के 58 हितग्राहियों को टीका लगाया गया।

# कोविड–19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 1655 |
| | | कुल | 969300 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 449 |
| | | कुल* | 155989 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 4072 |
| | | कुल* | 761034 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 4521 |
| | | कुल | 917023 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 39261 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु कुल - 37 | कोविड–19 | 15 |
| | | को–मॉर्बिडिटी के साथ | 22 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 43,240

←—— मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं ——→

## छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 30-05-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 38 | 95482 | 3 | 13891 | 113 | 78834 | 92725 | 995 | 1 | 1762 |
| 2 | राजनांदगांव | 21 | 55509 | 27 | 12421 | 86 | 41991 | 54412 | 598 | 1 | 499 |
| 3 | बालोद | 37 | 26516 | 34 | 8619 | 78 | 16762 | 25381 | 761 | 2 | 374 |
| 4 | बेमेतरा | 8 | 19569 | 4 | 3208 | 50 | 15462 | 18670 | 671 | | 228 |
| 5 | कबीरधाम | 24 | 22452 | 2 | 2267 | 144 | 19319 | 21586 | 602 | | 264 |
| 6 | रायपुर | 61 | 155761 | 69 | 29455 | 514 | 121658 | 151113 | 1549 | 4 | 3099 |
| 7 | धमतरी | 48 | 25998 | 20 | 2487 | 39 | 21921 | 24408 | 1072 | 1 | 518 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 78 | 41377 | 10 | 8314 | 72 | 30591 | 38905 | 2028 | 3 | 444 |
| 9 | महासमुंद | 41 | 30395 | 14 | 3830 | 84 | 24831 | 28661 | 1389 | 1 | 345 |
| 10 | गरियाबंद | 39 | 19120 | 0 | 3383 | 68 | 14757 | 18140 | 795 | | 185 |
| 11 | बिलासपुर | 38 | 64559 | 26 | 7001 | 156 | 55410 | 62411 | 961 | | 1187 |
| 12 | रायगढ़ | 131 | 60645 | 43 | 11763 | 324 | 44931 | 56694 | 3030 | 6 | 921 |
| 13 | कोरबा | 88 | 53314 | 30 | 4579 | 229 | 46390 | 50969 | 1801 | | 544 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 100 | 55152 | 45 | 7561 | 148 | 44185 | 51746 | 2644 | 8 | 762 |
| 15 | मुंगेली | 29 | 23523 | 7 | 933 | 0 | 20954 | 21887 | 1476 | | 160 |
| 16 | गौरेला-पेंड्रा-मरवाही | 42 | 11634 | 8 | 723 | 88 | 9735 | 10458 | 1035 | | 141 |
| 17 | सरगुजा | 151 | 32051 | 23 | 3656 | 314 | 25195 | 28851 | 2967 | 1 | 233 |
| 18 | कोरिया | 78 | 25540 | 8 | 1560 | 297 | 20905 | 22465 | 2915 | 1 | 160 |
| 19 | सूरजपुर | 171 | 27558 | 0 | 1871 | 395 | 22324 | 24195 | 3156 | 2 | 207 |
| 20 | बलरामपुर | 70 | 19122 | 1 | 1416 | 279 | 15159 | 16575 | 2436 | 1 | 111 |
| 21 | जशपुर | 97 | 24874 | 19 | 4413 | 226 | 18131 | 22544 | 2142 | | 188 |
| 22 | बस्तर | 88 | 18806 | 5 | 4240 | 117 | 12924 | 17164 | 1470 | 1 | 172 |
| 23 | कोंडागांव | 38 | 12095 | 1 | 1622 | 76 | 9649 | 11271 | 731 | | 93 |
| 24 | दंतेवाडा | 28 | 9611 | 7 | 4066 | 43 | 5132 | 9198 | 393 | | 20 |
| 25 | सुकमा | 35 | 5873 | 13 | 3364 | 14 | 2336 | 5700 | 158 | | 15 |
| 26 | कांकेर | 23 | 22675 | 28 | 3284 | 80 | 18394 | 21678 | 791 | 1 | 206 |
| 27 | नारायणपुर | 24 | 3461 | 0 | 2614 | 9 | 658 | 3272 | 179 | | 10 |
| 28 | बीजापुर | 29 | 5938 | 2 | 2902 | 29 | 2496 | 5398 | 501 | 2 | 39 |
| 0 | अन्य राज्य | 0 | 690 | 0 | 546 | 0 | 0 | 546 | 15 | 1 | 129 |
| | महायोग | 1655 | 969300 | 449 | 155989 | 4072 | 761034 | 917023 | 39261 | 37 | 13016 |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर
(COVID19)

← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →